रविवार, 8 मार्च 2026
कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा

सुविचार : बहुत मुश्किल होता है किसी को उठाने के लिए उसकी उंगली को पकड़ना।

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, पांच और छः पर




सत्यमेव जयते
Government of India
भारत सरकार

# पश्चिम बंगाल में सशक्त नारी-शक्ति

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत **16 लाख** माताओं को लगभग **₹740** करोड़ की सहायता
- लगभग **1 करोड़** घरों तक नल से स्वच्छ जल और **1.2+ करोड़** उज्ज्वला गैस कनेक्शन से धुआँ-मुक्त रसोई, महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य और गरिमा सुनिश्चित
- **85 लाख** शौचालयों से गरिमा सुनिश्चित और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत **52 लाख** घर, जिनमें **70%** में महिलाओं का स्वामित्व
- लगभग **12 लाख** स्वयं सहायता समूहों से करीब **1.25 करोड़** परिवार सशक्त; **11.5 लाख** लखपति दीदियों से महिला नेतृत्व में उद्यमिता को बल
- सुकन्या समृद्धि योजना के तहत **22.5+ लाख** बेटियों का भविष्य सुरक्षित
- लगभग **27.5 लाख** महिला-नेतत्व वाले MSMEs संचालित, राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति
- **3,550+** महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप, नवाचार और नए अवसरों को मिल रहा बढ़ावा



**विकसित बंगाल विकसित भारत**
**पीएम मोदी का संकल्प**

“भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबत कर रहे हैं।”
– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

CBC 46101/13/0031/2526

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 मार्च, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष पंचमी, 21:14 तक, नक्षत्र : स्वाति, 13:28 तक, योग : ध्रुव, 06:59 तक, सूर्योदय: 05:54, सूर्यास्त: 17:42, चन्द्रोदय : 22:08, चन्द्रास्त: 08:29, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 16:11 से 17:39

## साप्ताहिक : राशिफल 08-03-26 से 14-03-26




**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा सा सावधानी से रहने वाला है। बाहर के खान-पान के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इस सप्ताह आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। घर में पूजा पाठ करने में भी धन खर्च होगा। व्यापारियों को बिजनेस में अच्छी ग्रोथ मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में सावधान रहना होगा। प्रेम संबंधों में अपने प्रिय पात्र को विश्वास में लेना होगा, अन्यथा विवाद हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ परेशानियां देखाई दे रही हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। वाहन चलाने में भी सावधानी बरतनी होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। रुपए-पैसे की कमी नहीं रहेगी। व्यापारियों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा वाले जातकों का इस हफ्ते प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंध भी बढ़िया चलेंगे। अपने रिश्ते को लेकर गंभीर रहना होगा। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी को खुश रखने के लिए आप कुछ नया करेंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेग। सेहत को लेकर सावधान रहें। बाहर के भोजन से बचें। इस सप्ताह आपके खर्च बढ़े रहेंगे, लेकिन आमदनी भी अच्छी रहेगी। व्यापारियों के लिए भी समय अच्छा है। नौकरी वाले जातकों का कार्य क्षेत्र में रुतबा बना रहेगा। संबंधों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। आपकी और आपकी साथी के बीच में गलतफहमियां हो सकती हैं। गृहस्थ जीवन के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय थोड़ा परेशानी वाला रहेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए सप्ताह मिला-जुला रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो वह थोड़ी बिगड़ सकती है। आने वाले सप्ताह में आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। व्यापारियों को कोई बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है, परंतु दिखावे में ना आएं। नौकरी वाले जातकों को अपने कार्य क्षेत्र में सावधान रहना होगा। संबंधों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आप अपने प्रेमी साथी के साथ बहुत अधिक रोमांटिक पलों का आनंद लेंगे। वैवाहिक संबंधों में ससुराल पक्ष के हस्तक्षेप से समस्या आ सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। खानपान में नियंत्रण बरतें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धन की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापारियों को सफलता प्राप्त हो सकती है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। प्रेम संबंधों के लिए भी समय अच्छा है। आप अपने साथी से चोरी-चुपके मिलने का प्रयास कर सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ा मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। जिसके कारण आपका मन परेशान रहेगा। शिक्षा के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा मेहनत भरा रहेगा। सेहत का विशेष ख्याल रखें। वाहन चलाने में सावधानी बरतें, अन्यथा चोट लग सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी, परंतु व्यर्थ के खर्चे लगे रहेंगे। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। नए लोगों से बातचीत करके आप अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रेम संबंधों की बात करें तो अपने प्रिय पात्र के दिल में जगह बनाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। शादीशुदा जातकों के रिश्ते में सम्मान और प्रेम बहुत अधिक रहेगा, जिससे परिवार के सदस्य भी बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है। सेहत की बात करें तो आप अपने जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा तनाव में रहेंगे। आर्थिक स्थिति भी सामान्य रहेगी। आपकी इनकम तो बढ़ेगी, परंतु खर्च भी बहुत अधिक बढ़ सकते हैं। व्यापारियों के लिए समय कुछ ठीक नहीं रहेगा। इसीलिए निवेश करने से पहले सोच विचार अवश्य करें। नौकरीपेशा वाले जातक कार्य क्षेत्र में मेहनत करते नजर आएंगे। प्रेम संबंधों में भी उतार-चढ़ाव देखना पड़ेगा। आपकी और आपके साथी के बीच में किसी प्रकार की गलतफहमियां आ सकती हैं। उन्हें दूर करने का प्रयास करें।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए सप्ताह सही रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। किसी प्रकार की एलर्जी परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह बहुत अधिक बढ़िया रहेगा। धन की कोई कमी नहीं रहेगी। बिजनेस पार्टनर और आपके रिलेशन आपस में अच्छे रहेंगे। नौकरी पेशा जातकों को सावधानी बरतनी होगी। प्रेम संबंधों में आप अपने साथी के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। गृहस्थ जीवन में बहुत अधिक रोमांस देखने को मिल सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, परंतु पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति भी ठीक-ठाक रहेगी, परंतु आपके खर्चे बहुत अधिक बढे रहेंगे। व्यापारियों के लिए यह सप्ताह बहुत अधिक महत्वपूर्ण रहेगा। नौकरीपेशा वाले जातकों को तरक्की मिल सकती है, प्रेम संबंधों में तनाव देखने को मिल सकता है। आपका प्रिय साथी से लड़ाई झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर अच्छा बनाने के लिए पढ़ाई-लिखाई में बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। सेहत की बात करें तो स्वास्थ्य को लेकर सप्ताह मिला जुला रहेगा। शुरुआत में अच्छा रहेगा। सप्ताह के अंतिम दिनों में परेशानी आ सकती है। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। धन की कोई कमी नहीं रहेगी। आप अपने मन के मुताबिक अपना धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आप का ट्रांसफर हो सकता है। शिक्षा के लिए भी समय बढ़िया रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आप अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। कंधों के दर्द की समस्या आपको परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आप अपने खर्चों पर लगाम लगाकर कुछ धन बचा सकते हैं। व्यापारी अपने व्यापार में मन लगाकर कार्य करेंगे तो उनका व्यापार बहुत अधिक बढ़िया चलेगा। नौकरी पेशा जातकों के लिए भी अच्छा समय रहेगा। कार्य क्षेत्र में कर्मचारियों के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर भी सप्ताह मिला रहेगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो सावधान रहने की कोशिश करें। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी, खर्चे बहुत अधिक बने रहेंगे। किसी को धन दिया हुआ है तो वह वापस मिल सकता है। व्यापारियों को उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए भी सप्ताह अधिक बढ़िया रहेगा। आपके कार्य क्षेत्र में आपकी स्थिति बहुत अधिक मजबूत रहेगी। प्रेम संबंधों के लिए अच्छा रहेगा। आप बहुत अधिक रोमांटिक रहेंगे, परंतु सप्ताह के बीच में अनबन हो सकती है।

# देखभाल से जुड़ी अर्थव्यवस्था: महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की संरचनात्मक बुनियाद



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए, हम न सिर्फ भारत की महिलाओं की उपलब्धियों, बल्कि उनकी दृढ़ता, पालन-पोषणकारी, दृढ़ निश्चयी और परिवर्तनकारी अदम्य भावनाओं का भी सम्मान करते हैं। महिला दिवस महज कैलेंडर की एक तारीख भर नहीं है, बल्कि यह इस बात की पुष्टि है कि भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका परिधि में नहीं, बल्कि केंद्र में रही है। हमारी महिलाएँ केवल संस्थानों और बोर्डरूम तक सीमित नहीं हैं; वे आंगनों, खेतों, प्रयोगशा-लाओं, कक्षाओं, सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र में नेतृत्व का एक नया अध्याय रच रही हैं।

उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (डढएच्) के क्षेत्रों में वे नई पहचान गढ़ रही हैं। रक्षा सेवाओं में महिला अधिकारी विशिष्ट सेवाएँ दे रही हैं-लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने तक, वे नए क्षितिज का विस्तार कर रही हैं।

समूचे ग्रामीण भारत में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करोड़ों महिलाएँ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं। वे आर्थिक स्वतन्त्रता की नींव पर सामूहिक समृद्धि का सृजन कर रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वैश्विक स्तर पर नए मानक स्थापित कर रहा है। यह साबित करता है कि जमीनी स्तर का नेतृत्व समावेशी और प्रभावशाली, दोनों ही है। वैश्विक खेल मंच पर, उत्कृष्टता और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिलाएँ लगातार देश को गौरवान्वित कर रही हैं।

इतिहास साक्षी है कि भारतीय नारी का सामर्थ्य कोई नई बात नहीं है। रानी लक्ष्मीबाई ने निडर होकर अपने देश की रक्षा की। सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देकर बेटियों की शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई। देवी अहिल्याबाई होलकर ने बुद्धिमत्ता एवं करुणा से जन कल्याण को शासन के केन्द्र में रखा। नीतिगत सुधार और दृढ़ संकल्प की उनकी विरासत आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रही है।

आज, यह अमिट विरासत सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों में परिलक्षित होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि विकास की अग्रदूत के रूप में मान्यता दी गई है। महिला-नेतृत्व वाला विकास आज एक सशक्त नीतिगत-दृष्टि है, जो बजट, कार्यक्रमों और संस्थागत सुधारों में परिलक्षित होती है। महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि उत्सव को बदलाव के रूप में साकार करना होगा। प्रत्येक महिला- चाहे वह किसी निगम का नेतृत्व करती हो, वर्दी में सेवा करती हो, खेत में पसीना बहाती हो, छोटा उद्यम चलाती हो या घर पर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हो, मोदी सरकार उसका अभिनंदन करती है।

हमारी प्राचीन सभ्यतागत परंपरा में नारी शक्ति का सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, यह हमारे अस्तित्व का मूल आधार है। वह परंपरा की धरोहर को सहेजती है और बदलाव की बयार को नेतृत्व देती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा का सागर भी है और साहस का अडिग शिखर भी; वह जहाँ एक ओर नैतिक मूल्यों की मर्यादा में बंधी है, वहीं दूसरी ओर अपने सपनों को उड़ान देने के लिए उतनी ही महत्त्वाकांक्षी भी है। बहुआयामी भूमिकाओं को एक साथ साधने का उसका कौशल सदियों से भारतीय नारी की जीवन-शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है। वह अपनी जिम्मेदारियों को सहज भाव से ओढ़ती है, धैर्य के साथ परिवार की नींव को सींचती है और अपने 'शांत नेतृत्व' से समाज को एक नई दिशा और शक्ति प्रदान करती है। समाज की हर दृश्यमान उपलब्धि के पीछे एक आधारशक्ति अनवरत कार्य करती है- 'देखभाल की अर्थव्यवस्था' (उरीश एलेपॉ)। यह वह मौन ऊर्जा है जो भारत के अस्तित्व को हर पल संबल प्रदान करती है। यह उस माँ का समर्पण है, जो सूर्योदय से पूर्व अपनों के लिए चूल्हा सुलगाती है और फिर जीविका की चुनौतियों की ओर निकल पड़ती है। यह उस पत्नी की अटूट निष्ठा है, जो कठिन से कठिन समय में भी परिवार की नींव को दरकने नहीं देती। यह उस बेटी का निः स्वार्थ भाव है, जो दिनभर की थकान के बाद भी रात के पहर अपने वृद्ध माता-पिता के सिरहाने बैठती है। यह शक्ति किसी यश या प्रशंसा की आकांक्षी नहीं है; वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है, जो बिना शोर मचाए सृजन करती रहती है।

ऐतिहासिक रूप से, महिलाओं के योगदान का एक विशाल हिस्सा- विशेषकर अवैतनिक देखभाल (णपरिळिव उरीश), अनौपचारिक श्रम और सामुदायिक सेवा- पारंपरिक आर्थिक गणनाओं की परिधि से बाहर रहा है। किंतु इस हकीकत को पहच-ानते हुए,मोदी सरकार ने हमेशा देखभाल के इस 'अदृश्य पहलू' को कम करने, उसे सामाजिक मान्यता देने और उसके न्यायसंगत पुनर्वितरण पर बल दिया है। सरकार का दृष्टिकोण देखभाल से जुड़ी सेवाओं को पेशेवर स्वरूप प्रदान कर उन्हें समावेशी विकास के एक नए 'इंजन' के रूप में रूपांतरित करना है।

भारत में महिला श्रम शक्ति सहभागिता दर (ऋडत्रझठ) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा भारतीय महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं और आर्थिक गतिविधियों में उनके बढ़ते प्रभुत्व का सूचक है। सवैतनिक कार्यों में महिलाओं की यह भागीदारी न केवल घरेलू समृद्धि का आधार बनती है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाती है।

आर्थिक सर्वेक्षण इस वास्तविकता को रेखांकित करता है कि यदि हम 'अवैतनिक देखभाल' के बोझ को कम कर सकें और इन सेवाओं को एक व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करें, तो महिला रोजगार के परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा। भारतीय 'केयर इकोनॉमी' वर्तमान में ही लाखों लोगों की आजीविका का संबल है, और आने वाले दशक में इसमें रोजगार सृजन की अपार संभावनाएँ हैं।

यही कारण है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में 'केयर इकोनॉमी' को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया है। 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' (थोशप-श्रशव ऊर्शीशश्र-ेशिपी) के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता ऐतिहासिक 'जेंडर बजट' में स्पष्ट झलकती है, जिसका आवंटन अब तक के उच्चतम स्तर-5 लाख करोड़ रुपये से अधिक पर पहुँच गया है। सरकार के समग्र दृष्टिकोण के अंतर्गत, हम 1.5 लाख देखभालकर्ताओं के कौशल विकास में निवेश कर रहे हैं, कामकाजी महिला छात्रावासों का विस्तार कर रहे हैं और आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाकर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रणालियों के समन्वय को भी सशक्त किया जा रहा है। ये सभी प्रयास एक स्पष्ट राजनीतिक और नैतिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं- जब महिलाओं को आवश्यक सहयोग और मंच मिलता है, तो संपूर्ण अर्थव्यवस्था की गति तीव्र हो जाती है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता जैसे वैधानिक ढांचे शिशु देखभाल केंद्रों और श्रमिक कल्याण के प्रावधानों को सुदृढ़ करते हैं। ये सुधार एक गहरे सिद्धांत को प्रतिपादित करते हैं- शिशु देखभाल सहायता कोई गौण विकल्प या सुविधा मात्र नहीं, बल्कि यह आर्थिक न्याय का एक अनिवार्य संरचनात्मक आधार है।

हमारी सरकार महिलाओं और बच्चों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के केन्द्र में रखती है, जो देश की कुल जनसंख्या का 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। अतः उनका सर्वांगीण कल्याण एक अनिवार्य रणनीतिक आवश्यकता है। वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इससे परिवार के भीतर भी देखभाल से जुड़ी जिम्मेदारियाँ बढ़ेंगी। साथ ही, करोड़ों बच्चों को उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक वर्षों के दौरान- जब सीखने की क्षमता और भविष्य की उत्पादकता की नींव रखी जाती है- व्यवस्थित प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, सुदृढ़ पोषण और स्वास्थ्य सहायता की नितांत आवश्यकता होगी।

तेजी से होते शहरीकरण, प्रवासन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने हमारी पारंपरिक सामाजिक सहायता प्रणालियों को बुनियादी रूप से बदल दिया है। अनौपचारिक ढांचों पर बढ़ते दबाव के कारण अब सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिशु देखभाल व पारिवारिक सेवाओं की आवश्यकता अनिवार्य होती जा रही है। संगठित और सामुदायिक सेवाओं की यह मांग केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के शहरों (ढळशी-2 3 उळींळशी) और ग्रामीण जनपदों में भी तीव्रता से उभरेगी।

देखभाल की अर्थव्यवस्था में निवेश एक साथ कई राष्ट्रीय लक्ष्यों को मजबूत करता है। इससे महिला श्रमशक्ति की भागीदारी बढ़ती है, बाल विकास के परिणाम सुधरते हैं, बुजुर्गों का कल्याण सुनिश्चित होता है और गरिमापूर्ण रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं। देखभाल प्रणालियों के संस्थागत और पेशेवर होने से महिलाएँ सशक्त होती हैं, परिवारों को स्थिरता मिलती है और संपूर्ण अर्थव्यवस्था को गति प्राप्त होती है।

जैसे-जैसे भारत 'अमृतकाल' से 'विकसित भारत 2047' की ओर बढ़ रहा है, हम इस परिवर्तनकारी सत्य को स्वीकार कर रहे हैं कि सामाजिक बुनियाद को सुदृढ़ किए बिना विकास को टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता-और केयर इकॉनमी ही वह अनिवार्य आधार है।

इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, हम देखभाल के अदृश्य श्रम को सम्मान देने और उसे संस्थागत रूप से सशक्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकसित भारत' का हमारा दृष्टिकोण केवल बोर्डरूम एवं संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सशक्त देखभाल प्रणालियों पर आधारित है, जो महिलाओं के विकल्पों, गरिमा और आर्थिक सामर्थ्य का विस्तार करती हैं।

-भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं

## बंगाल की खबरें

# एसआईआर के बाद मतदाताओं के नाम हटाना बंगाल को विभाजित करने का प्रयास : ममता

**धरने के दूसरे दिन मुख्यमंत्री की हुंकार, कहा... 'दिल्ली की सरकार दया पर टिकी, ज्यादा दबाव डाला तो गिरा दूंगी'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम हटाने का उद्देश्य राज्य को विभाजित करना है। राज्य में मतदाता सूची से कथित रूप से मनमाने तरीके से लोगों के नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहीं ममता बनर्जी ने इस दौरान प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर बांग्ला भाषी लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने मध्य कोलकाता के मैट्रो चैनल में धरना स्थल पर रात बिताने के बाद लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। ममता ने प्रदर्शन स्थल पर आरोप लगाया कि उनका (निर्वाचन आयोग और भाजपा का) इरादा बंगाल को बांटना है। भाजपा बंगाल को विभाजित करके वोट छीनने की साजिश रच रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और राज्य के लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक दिन पहले उन्होंने एक ट्वीट में देखा था कि बंगाल और बिहार को विभाजित करके एक केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो बंगाल को हाथ लगाकर दिखाएं। यह उनकी साजिश है। उन्होंने बिहार में झारखंड बनाकर ऐसा किया था, और अब वे फिर से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतिम मतदाता सूची से लाखों नाम कथित तौर पर हटाए जाने पर निर्वाचन आयोग की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि दिनहाटा जैसे एक ही विधानसभा क्षेत्र से 36,000 नाम हटा दिए गए। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर की कई महिलाओं से मंच पर आकर अपने दस्तावेज दिखाने को कहा। ममता ने कहा कि मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र में 60,000 वोट हटा दिए गए हैं। मैं आपको पूरी मतदाता सूची हटाने की चुनौती देती हूं। निर्वाचन आयोग पर 'मतों की लूट' का आर-ोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि क्या वे देश के नागरिक नहीं हैं? क्या उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं है? उन्होंने कहा कि आप बंगाल को बांटना चाहते हैं, लेकिन पहले एप्स्टीन से निपटिए। याद रखिए, आप हम पर जितना हमला करेंगे, जवाबी कार्रवाई उतनी ही जोरदार होगी। उन्होंने कहा कि हम बंगाल में सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और समाज में सभी को जाति, पंथ या धर्म के भेदभाव के बिना समान मानते हैं। और याद रखें कि बांग्ला भाषा को स्वतंत्रता से बहुत पहले ही मान्यता मिल चुकी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा को सावधान हो जाना चाहिए। वोट मिटाकर तुम बंगाल को विभाजित नहीं कर सकते। और अगर तुमने हद पार की, तो तुम्हारी दिल्ली सरकार गिर जाएगी।

### ममता ने नए राज्यपाल को बताया 'भाजपा कार्यकर्ता', बोस पर दबाव बनाए जाने का लगाया आरोप

ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले लोक भवन को एक राजनीतिक चौकी में बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि क्या आपने देखा कि सी. वी. आनंद बोस को कैसे हटाया गया? मुझे सब पता है। उन्हें धमकाया गया था। वे लोक भवन से पैसे बांटना चाहते हैं। वे लोक भवन को भाजपा का पार्टी कार्यालय बनाना चाहते हैं। लेकिन दिल्ली की हर मनमानी को हर कोई स्वीकार नहीं करेगा। कोई उदाहरण दिए बिना तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने तमिलनाडु में आर. एन. रवि के कार्यकाल पर भी सवाल उठाया और दावा किया कि राज्यपाल को उच्चतम न्यायालय की 'कई टिप्पणियों' का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अब पश्चिम बंगाल आ रहा है, मैंने सुना है कि उसे उच्चतम न्यायालय से कई टिप्पणियां सुननी पड़ी थीं। वह भाजपा का कार्यकर्ता है। लेकिन याद रखिए, पश्चिम बंगाल एक अलग जगह है। आप तमिलनाडु में जो करना चाहते थे कर चुके होंगे, लेकिन यहां ऐसा नहीं कर पाएंगे।

# बंगाल की महान जनता ने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया, उसके लिए सदैव ऋणी रहूंगा : सीवी आनंद बोस

- ❑ पूर्व राज्यपाल ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का भी जताया आभार
- ❑ अपने उत्तराधिकारी आरएन रवि को भी दीं शुभकामनाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य की जनता का आभार जताते हुए एक भावुक संदेश जारी किया है। राज्यपाल कार्यालय (लोक भवन) के आधिकारिक एक्स हैंडल पर शुक्रवार की देर रात उनके इस्तीफा पत्र को साझा किया गया, जिसमें उन्होंने बंगाल में अपनी पारी समाप्त होने की बात कही और केरल में नए मिशन के लिए जाने की इच्छा जताई। बोस ने अपने संदेश में कहा कि बंगाल में मेरी पारी अब समाप्त हो रही है। बंगाल के महान लोगों ने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं और सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने बताया कि अब वे विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने व इसके लिए कार्य करने हेतु अपने गृह राज्य केरल जा रहे हैं। जहां वे इस महान मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में काम करेंगे और अपने प्यारे केरलम, जो मेरा गृह राज्य है, के हित को आगे बढ़ाने की पूरी कोशिश करूंगा। बोस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस नए दायित्व को वे एक पवित्र कर्तव्य और केरल की जनता के प्रति कृतज्ञता के रूप में स्वीकार कर रहे हैं, जिन्होंने मुझे पाला-पोसा है। मैं लोगों के लिए, लोगों को साथ और लोगों के बीच रहकर काम करूंगा। बोस ने अपने उत्तराधिकारी आरएन रवि को भी शुभकामनाएं दीं, जिन्हें उनकी जगह बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। बोस ने लिखा कि मैं अपने प्यारे दोस्त और एक प्रतिष्ठित व कुशल प्रशासक आरएन रवि को अपनी शुभकामनाएं देता हूं, जो मेरे शानदार उत्तराधिकारी होंगे। अपने संदेश के अंत में बोस ने लिखा कि कल एक नई राह और नई शुरुआत की ओर।

## वर्ग पहेली नं. 3372

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | ■ | |
| | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | 26 |
| 27 | | | | | ■ | ■ | 28 | | |
| | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) स्वीकृत; निर्वाचित, 2) चौकीदारी, 6) घना; पक्का; दृढ़, 7) शरीफ़, 8) सुस्त; काहिल, 9) अनुमतिपत्र, 11) शीर्षक *(लेख का)*, 13) ब्योरा, 15) खाली, 17) सम्मान समारोह, 18) दान; कर, 20) प्रतिशोध, 22) गणपूर्ति *(सभा के लिए)*, 24) लाचार, 25) चेहरे का एक भाग, 27) चमकीला, 28) दीपाराधन, 29) अल्पतम.

*ऊपर से नीचे:-* 1) लगाई बुझाई, 2) शिक्षित, 3) जिसके पास कोई वस्तु गिरवी रखी हो, 4) ईर्ष्या, 5) असंख्य, 6) दफ़नाना, 10) मूठ *(चाकू का)*, 12) समस्या; विषय, 14) उपहार; निगाह, 16) हिम्मत, 19) श्रमिक, 21) भभकना, 22) ख़जाना, 23) झंझट, 24) जो घना न हो, 26) चुटकुला, 28) सर्वज्ञात.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | प | ■ | ■ | ■ | पु | ल | कि | त |
| ■ | ■ | रि | श्व | त | ख़ो | र | ■ | लो | ह |
| प्र | त्यं | चा | ■ | न्म | ■ | खा | ल | ■ | ल |
| या | ■ | रि | आ | य | त | ■ | ह | ल | का |
| स | र | का | र | ■ | ना | ■ | सु | त | ■ |
| ■ | ख | ■ | बि | ■ | व | म | न | ■ | प्र |
| से | वा | ■ | त | वा | ■ | सो | ■ | नी | ति |
| ह | ला | त | ■ | स | न | स | नी | ■ | वा |
| रा | ■ | घु | ट | ना | ■ | ना | म | ज़ | द |

## सुडोकू-पहेली-3330

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | | |
| 1 | 7 | | 4 | | | | | 2 |
| | 9 | | | | 8 | | | |
| | | | | 1 | | 9 | 5 | |
| | | 4 | | 3 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 5 | | 7 | |
| | | | | | 7 | 3 | | |
| | 2 | 5 | 9 | | | 6 | | |
| | | | | 6 | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3329 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 6 | 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 |

रविवार, 8 मार्च 2026

मौसम

तापमान 22 – 31
आर्द्रता 75%
सूर्योदयः 05:53 सूर्यास्तः 17:43

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, पांच और छः पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : बहुत मुश्किल होता है किसी को उठाने के लिए उसकी उंगली को पकड़ना।



इतिहास रचने के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को पृष्ठ 8

# ममता मेरी बहन जैसी, पता नहीं क्यों हैं मुझसे नाराज : राष्ट्रपति मुर्मू

## राष्ट्रपति ने कहा... 'मैं भी बंगाल की लड़की हूं, लेकिन मुझे यहां आने की इजाजत नहीं है'

- **राष्ट्रपति ने सीएम या किसी मंत्री के स्वागत के लिए न पहुंचने पर जताई हैरानी**
- **राष्ट्रपति ने सभा स्थल बदलने के लिए कारण बताने को कहा**

**सिलीगुड़ी :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास आयोजित आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन, वह (ममता बनर्जी) नहीं आईं। राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। लेकिन, चूंकि, तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी 'छोटी बहन' जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

**'कुछ लोग संथालों को मजबूत होते देखना नहीं चाहते'**

मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते।

**सुरक्षा और अन्य व्यवस्था संबंधी कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल में बदलाव**

मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्था संबंधी कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार की दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए आमतौर पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।



## राष्ट्रपति भाजपा के इशारे पर चुनावों से पहले राजनीति कर रही हैं : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में आदिवासियों के विकास की गति पर सवाल उठाने के लिए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर निशाना साधा और उन पर भाजपा के इशारों पर विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति करने का आरोप लगाया। मुर्मू द्वारा की गई टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति कार्यालय का दुरुपयोग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कोलकाता में एक धरना स्थल पर कहा कि भाजपा इतना नीचे गिर गई है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस्तेमाल राज्य को बदनाम करने के लिए कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में राज्य प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के बारे में उन्हें दी गई जानकारी गलत थी। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले ऐसे कार्यक्रमों में हमेशा शामिल होना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप साल में एक बार आती हैं तो मैं आपका स्वागत कर सकती हूं, लेकिन अगर आप चुनाव के दौरान आती हैं, तो मेरे लिए आपके कार्यक्रमों में शामिल होना संभव नहीं होगा क्योंकि मैं लोगों के अधिकारों के लिए काम कर रही हूं। ममता ने कहा कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को दूर करना अभी उनकी प्राथमिकता है।

## 'टीएमसी सरकार ने हद पार की', राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान पर बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उत्तर बंगाल में कार्यक्रम के दौरान अनादर और प्रोटोकॉल के पालन न होने पर सवाल उठाने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी सरकार को जमकर निशाना बनाया। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और कहा कि राज्य सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने जिस तरह अपना दर्द और असंतोष व्यक्त किया, वह पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग लोकतंत्र और आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण में विश्वास रखते हैं, वे इस घटना से निराश हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार इस अपमान के लिए जिम्मेदार है और राष्ट्रपति के पद की पवित्रता का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों के मामले में राज्य सरकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। पीएम ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार और टीएमसी में समझदारी आएगी।

## टीएमसी सरकार ने राष्ट्रपति का अपमान करके अराजकता की हद पार कर दी : अमित शाह



पीएम मोदी के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि टीएमसी सरकार ने आज प्रोटोकॉल की घोर अवहेलना करते हुए भारत के राष्ट्रपति का अपमान करके अपनी अराजक हरकतों की नई हद पार कर दी। उन्होंने कहा कि इससे टीएमसी सरकार की भ्रष्टता उजागर होती है, जो न केवल नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का मनमाने ढंग से उल्लंघन करती है, बल्कि भारत के राष्ट्रपति को भी अपने अत्याचार से नहीं बख्शती। भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान, वह भी हमारे आदिवासी भाई-बहनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, हमारे राष्ट्र और उन मूल्यों का अपमान है जो हमारे संवैधानिक लोकतंत्र की पहचान हैं। अमित शाह ने कहा कि आज लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला प्रत्येक नागरिक अत्यंत आहत और व्यथित है।

**चुनाव की घोषणा से पहले ममता सरकार की घोषणा**

## अप्रैल के बजाय 'युवा साथी' परियोजना के तहत मार्च से मिलेगा भत्ता : ममता



- **भूमिहीन खेत मजदूरों को भी मिलेगी वित्तीय सहायता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों से पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि शनिवार से माध्यमिक परीक्षा (कक्षा 10) उत्तीर्ण कर चुके नौकरी के आकांक्षी बेरोजगार युवाओं को हर महीने 1,500 रुपये का भत्ता मिलेगा। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के दौरान चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं के नामों को बड़े पैमाने पर हटाए जाने के विरोध में धरने के दौरान अपने भाषण में की। उन्होंने कहा कि माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 21 से 40 वर्ष की आयु के युवा लड़के-लड़कियों को सात मार्च से प्रति माह 1,500 रुपये मिलेंगे। ममता ने कहा कि हालांकि, यह सहायता मूल रूप से अप्रैल में शुरू होने वाली थी, लेकिन अब यह तुरंत शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा साथी योजना के तहत, वे सभी छात्र जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं और छात्रवृत्ति के अलावा किसी अन्य योजना के लाभार्थी नहीं हैं, उन्हें यह राशि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को हर महीने 10,000 रुपये दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले तो एक कट्ठा जमीन रखने वालों को भी 4,000 रुपये मिलते थे। अब हमने भूमिहीन किसानों के लिए भी 4,000 रुपये देने की घोषणा की है।

### ममता ने एलपीजी मूल्य वृद्धि पर केंद्र को घेरा, आज कोलकाता में विरोध मार्च का आह्वान

**महिलाओं से काली साड़ी, बर्तन लेकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की महिला शाखा एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन करेगी। अपने धरने के दूसरे दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि केंद्र सरकार वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना मनमाने ढंग से एलपीजी की कीमतें बढ़ा रही है, जो जनविरोधी तरीका है। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। मैं चंद्रिमा (राज्य मंत्री और तृणमूल की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य) से आग्रह करती हूं कि वे महिलाओं से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ रैलियां आयोजित करने को कहें। जरूरत पड़ने पर काले कपड़े पहनें। हम लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करेंगे। भाजपा की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि 'कल उन्होंने एलपीजी की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की। फिर, उन्होंने गैस बुकिंग के लिए 21 दिन की 'लॉक-इन' समयसीमा लागू कर दी। अगर लोगों का सिलेंडर खत्म हो जाए तो वे क्या करेंगे?'

## हमें किसी की इजाजत की जरूरत नहीं', रूस से तेल खरीदने को लेकर ट्रंप की छूट पर भारत ने दिया जवाब

- **भारत वहीं से तेल खरीदेगा जहां सबसे सस्ता मिलेगा**
- **होर्मुज तनाव के बावजूद भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित**

**नई दिल्ली :** ईरान पर यूएस-इजरायल पर हमले के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते पर तनाव बना हुआ है और दुनिया में तेल को लेकर गंभीर चिंता देखी जा रही है। इस बीच अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने की बात कही, जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इस मामले पर अब सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। केंद्र सरकार ने शनिवार को साफ कहा है कि भारत को जहां से भी सस्ता तेल मिलेगा वहीं से खरीदेगा। सरकार ने यह भी कहा कि रुकावटों के बावजूद भारत की एनर्जी सप्लाई सुरक्षित बनी हुई है।

**क्या कहा केंद्र सरकार ने?**

बयान जारी करते हुए सरकार ने कहा, होर्मुज रूट पर तनाव बढ़ने के बाद भी भारत की एनर्जी सप्लाई सुरक्षित और स्थिर बनी हुई है। भारत ने अपने कच्चे तेल के सोर्स को 27 से 40 देशों तक अलग-अलग कर दिया है, जिससे कई दूसरे सप्लाई रूट पक्के हो गए हैं। देश के हित में भारत उन जगहों से तेल खरीदता है जहां सबसे अच्छे और सस्ते रेट मिलते हैं।

## भारत के उदय को रोका नहीं जा सकता : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत का उदय ''रोका नहीं जा सकता'' और देश अपनी शक्तियों के आधार पर ही अपने विकास की दिशा तय करेगा। 'रायसीना डायलॉग' में जयशंकर की टिप्पणियां अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के उस बयान के दो दिन बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को उसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्रदान करने की गलती नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन को दिए थे और जिसके कारण बीजिंग एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बन गया। जयशंकर ने एक संवाद सत्र के दौरान कहा, ''आज जब हम देशों के उत्थान की बात करते हैं, तो देशों का उत्थान खुद उन्हीं देशों द्वारा निर्धारित होता है। भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा।''

## नेपाल में बालेंद्र शाह ने चार बार के प्रधानमंत्री ओली को हराया, आरएसपी अगली सरकार बनाने के लिए तैयार

**काठमांडू :** आरएसपी के बालेंद्र शाह ने शनिवार को चार बार के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को भारी अंतर से हराकर नेपाल में अगली सरकार बनाने की राह पर कदम रखा। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) - सीपीएन-यूएमएल - के अध्यक्ष ओली को लगभग 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया।

## ईरान के राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, शहरों पर हमले लगातार जारी

**युद्ध में ईरान के औंर भी अधिकारियों को निशाना बनाया जायेगाः ट्रंप**

- **हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद 52,000 भारतीय वापस लौंटे**
- **अमेरिका की बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ठुकरायी**
- **दिल्ली, मुंबई हवाई अड्डों पर 100 उड़ानें रद्द**

**दुबई :** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी, जबकि उसकी ओर से खाड़ी अरब देशों की ओर मिसाइल और ड्रोन दागा जाना जारी है। इससे संकेत मिलता है कि तेहरान के राजनीतिक नेतृत्व का ईरान के सशस्त्र बलों पर पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की आत्मसमर्पण की मांग भी खारिज कर दी। वह 28 फरवरी को हुए हवाई हमले के बाद युद्ध शुरू होने और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की देखरेख करने वाली त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य हैं। उन्होंने यह संदेश इस संघर्ष के पूरे क्षेत्र में फैलने के ठीक एक सप्ताह बाद दिया। इस संघर्ष से वैश्विक बाजार और हवाई यात्रा प्रभावित हुई तथा ईरान का अपना नेतृत्व सैकड़ों इजराइली और अमेरिकी हवाई हमलों से काफी कमजोर हो गया है। यह संदेश पेशेवर प्रसारण उपकरणों के बिना जल्दबाजी में रिकॉर्ड किया गया प्रतीत होता है। यह एक बार फिर इस बात को रेखांकित करता है कि ईरान के नेताओं का अपनी अर्धसैनिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड पर सीमित प्रभाव है, जो इजराइल और अन्य देशों को निशाना बनाने वाली मिसाइल को नियंत्रित करता है। यह रिवॉल्यूशनरी गार्ड केवल खामेनेई के प्रति जवाबदेह था और अब संघर्ष बढ़ने के साथ-साथ अपने लक्ष्य स्वयं चुनता प्रतीत हो रहा है।

### ईरान की राजधानी तेहरान में कई विस्फोट, अमेरिका ने बमबारी तेज करने की चेतावनी दी

दुबई : ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी कि जल्द ही बड़े पैमाने पर बमबारी अभियान शुरू किया जा सकता है, जिसे अधिकारी सप्ताह भर से जारी संघर्ष का अब तक का सबसे तीव्र हमला बता रहे हैं। क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने इज़राइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। ट्रंप ने कहा कि ईरान के ''बिना शर्त आत्मसमर्पण'' करने तक उससे कोई बातचीत नहीं होगी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए ''हर जरूरी कदम'' उठाएगा।






### न्यूज ब्रीफ

#### एमेज़ॉन इंडिया ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन के साथ एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए

**कोलकाता :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर एमेज़ॉन इंडिया ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन (एडब्लूडब्लूए) के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एम.ओ.यू के अंतर्गत सैन्य परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। एडब्लूडब्लूए की प्रेसिडेंट, सुनीता द्विवेदी ने कहा, ''हम एमेज़ॉन के साथ काम करने और अपनी सदस्यों को सस्टेनेबल और स्केलेबल बिज़नेस स्थापित करने में मदद करने के लिए उत्साहित हैं। दीप्ति वर्मा, वाईस प्रेसिडेंट, पीएक्सटी, एमेज़ॉन स्टोर्स इंडिया, जापान और इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा, ''हमें मिलिटरी परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए एडब्लूडब्लूए के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।

#### वीवो ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के साथ वी70 और वी70 इलाइट के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया

**कोलकाता :** वीवो इंडिया ने वीवो वी70 और वीवो वी70 इलाइट के लिए एक नया डिजिटल वीडियो कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और अन्य प्रमुख माध्यमों पर प्रसारित की जाएगी, जहाँ एक ऐसी कहानी के जरिए दर्शकों से जुड़ा जाएगा जो सहज, प्रेरणादायक और प्रामाणिक है। वीवो वी70 और वीवो वी70 इलाइट के साथ, ब्रांड एक बार फिर यह साबित करता है कि परिष्कृत डिजाइन, दमदार प्रदर्शन और फ्लैगशिप स्तर की इमेजिंग के साथ हर खुशी भरे पल को उसी खूबसूरती से कैद किया जा सकता है, जैसा वह वास्तव में है।

#### ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक का 'एम' बैंकिंग कार्यक्रम

**कोलकाता :** ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक महत्व-पूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। बैंक के महिलाओं के लिए बनाए गए कार्यक्रम 'एम'ने नवंबर 2025 में लॉन्च होने के बाद से 30,000 से अधिक महिला ग्राहकों को जोड़ लिया है (औसतन 7,500 महिलाएँ प्रति माह), जो भारत में औपचारिक और डिजिटलप्रथम बैंकिंग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। उत्तम तिब्रेवाल, ईडी एवं डिप्टी सीईओ, ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा: आज भारत की महिलाएँ बैंकिंग को अधिक रणनीतिक और सशक्त तरीके से अपना रही हैं। हम वित्तीय आत्मविश्वास, दीर्घकालिक सोच और मूल्यआधारित सहभागिता में तेज़ वृद्धि देख रहे हैं। यह केवल इनक्लूजन नहीं, बल्कि वास्तविक वित्तीय स्वतंत्रता है। एक्टर रश्मिका मंदाना, ब्रांड एंबेसडर, ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा:यह प्रेरणादायक है कि भारतकी महिलाएँ डिजिटल बैंकिंग अपना रही हैं, अपने वित्त की योजना बना रही हैं और बढ़ते आत्मविश्वास के साथ छोटे व्यवसाय भी स्थापित कर रही हैं।

#### प्रशंसकों की मांग पर महिंद्रा ने पुनः पेश किया बीई 6 बैटमैन संस्करण

**मुंबई/कोलकाता :** महिंद्रा ने बीई 6 बैटमैन संस्करण की वापसी की घोषणा की। यह दुनिया की पहली वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध बैटमैन-थीम वाली एसयूवी है और इसके मूल लॉन्च के बाद से ही इसमें प्रशंसकों और ग्राहकों की दिलचस्पी रही है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ग्लोबल कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर बनाए गए, बीई 6 बैटमैन संस्करण की 999 गाड़ियां सिर्फ 135 सेकंड में बिक गईं। उसके बाद से, क्रिस्टोफर नोलन की द डार्क नाइट ट्रिलॉजी से प्रेरित यह एसयूवी, कलेक्टर समुदाय की पसंदीदा गाड़ी बनी हुई है, और महिंद्रा को उन प्रशंसकों की ओर से सोशल मीडिया पर कई बार निवेदन मिले हैं, जो बुकिंग का पहला मौका चूक गए थे। महिंद्रा, इन निवेदनों को ध्यान में रखते हुए अब सीमित समय के लिए बीई 6 बैटमैन संस्करण की बुकिंग फिर से खोल रही है। मूल 999 गाड़ियां, बैटमैन संस्करण कहानी का शुरुआती चैप्टर हैं, जबकि यह फॉलो-अप बैटमैन संस्करण इस अनुभव का हिस्सा बनने का सीमित अवसर प्रदान कर रहा है।

# बकाया डीए भुगतान की समयसीमा बढ़ाने की मांग, राज्य ने सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने बकाया महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान के लिए निर्धारित समयसीमा बढ़ाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट जमा की है। सरकार ने तकनीकी और प्रशासनिक जटिलताओं का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय देने की अपील की है।

गौरतलब है कि इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकारी कर्मचारियों को बकाया डीए देने का निर्देश दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय पहुंची थी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बकाया डीए का 25 प्रतिशत पहली किस्त के रूप में जल्द भुगतान किया जाए और इसके लिए छह सप्ताह का समय दिया गया था।



हालांकि निर्धारित समय के भीतर भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद राज्य सरकार ने अदालत से छह महीने का अतिरिक्त समय मांगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि बकाया डीए का 25 प्रतिशत दो चरणों में मई महीने तक दिया जाए और पहली किस्त 31 मार्च तक चुकाई जाए। शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया और समयसीमा तय करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि डीए भुगतान के लिए 3.17 लाख से अधिक कर्मचारियों के रिकॉर्ड की जांच करनी होगी। वर्ष 2016 से पहले के अधिकांश रिकॉर्ड डिजिटल नहीं हैं और सर्विस बुक के रूप में हाथ से लिखे दस्तावेज हैं, जिन्हें डिजिटाइज करने में समय लग रहा है। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यभार बढ़ने के कारण भी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

राज्य की इस अपील से सरकारी कर्मचारियों में निराशा देखी जा रही है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अब तक उन्हें बकाया डीए का भुगतान नहीं मिला है।

## विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका, मोतिउर रहमान तृणमूल कांग्रेस में हुए शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मोतीउर रहमान आगामी विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। वह वरिष्ठ पार्टी नेता एवं मंत्री ब्रात्य बसु तथा राज्यसभा सदस्य नदीमुल हक की उपस्थिति में तृणमूल मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुए। बसु ने कहा कि रहमान ने 2021 के चुनावों में काफी संख्या में वोट हासिल किए थे, जिससे पारंपरिक रूप से कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा को दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने में मदद मिली। बसु ने कहा कि उस समय कई लोगों ने कहा था कि इलाके में काफी संख्या में लोगों ने भाजपा को नहीं, बल्कि मोतीउर रहमान को वोट दिया था। उनकी लोकप्रियता और सामाजिक



कार्यों ने उन्हें व्यापक समर्थन दिलाया है। तृणमूल में शामिल होने के बाद, रहमान ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में शुरू की गई विकास पहलों का हिस्सा बनने के लिए तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 14-15 साल पहले ग्रामीण बंगाल में विकास बहुत कम था। ग्रामीण इलाकों में न तो उचित सड़कें थीं और न ही पीने के पानी की सुविधा। ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद विकास हुआ है। मैं उस विकास में योगदान देने के लिए तृणमूल में शामिल हुआ हूं। उन्होंने यह भी कहा कि एक साल पहले ही उनका भाजपा से मोहभंग हो गया था। उन्होंने भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था। आज तृणमूल कांग्रेस में शामिल होकर पूरी तरह से भाजपा से अलग हो गये हैं।

## कोलकाता विश्वविद्यालय में नए सत्र से शुरू होंगे स्टार्टअप, एआई और फॉरेंसिक साइंस जैसे विषय

**कोलकाता :** छात्रों को आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलकत्ता विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप 2026 शैक्षणिक सत्र से कई नए विषय और संयुक्त पाठ्यक्रम शुरू किए जाने की योजना है।

विश्वविद्यालय के कॉलेज निरीक्षक दीप्तेंदु चट्टोपाध्याय ने संकेत दिया है कि नए पाठ्यक्रमों में डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फॉरेंसिक साइंस और स्टार्टअप से जुड़े विषय शामिल हो सकते हैं। इसके तहत कॉमर्स-इकोनॉमिक्स-मैथमैटिक्स का संयुक्त कोर्स, बायोलॉजी के साथ फॉरेंसिक साइंस तथा कॉमर्स के साथ साइकोलॉजी जैसे नए संयोजन शुरू किए जा सकते हैं।

हालांकि फिलहाल पूरा प्रस्ताव बोर्ड ऑफ स्टडीज के विचाराधीन है, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी सभी नए विषयों के नाम औपचारिक रूप से घोषित नहीं किए हैं।

सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय से संबद्ध करीब 166 सरकारी और सहायता प्राप्त कॉलेजों में इन नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी चल रही है।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आशुतोष घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय नए पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है, जबकि संबंधित कॉलेजों को इन विषयों के लिए आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार करना होगा।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार और तकनीक से जुड़े इन नए विषयों के शुरू होने से छात्रों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बेहतर अवसर मिल सकेंगे।



अखिल भारतीय तेरा पंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित उत्तर हावड़ा महिला मंडल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एस.ए.फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमति सारिका तिवारी को सामाजिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

## आईआईएम कोलकाता के निदेशक प्रो. आलोक कुमार राय बने एनएससीबीआईएचएल के कुलपति

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रबंधन संस्थान कोलकाता (आईआईएम) के निदेशक प्रो. अलोक कुमार राय को पोर्ट ब्लेयर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (एनएससीबीआईएचएल) के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। एनएससीबीआईएचएल एक यूजीसी मान्यता प्राप्त डिम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी है, जो अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह संस्थान स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टोरल स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम प्रदान



करता है। अपने अतिरिक्त जिम्मेदारी के बारे में प्रो. राय ने कहा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के कुलपति के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं शैक्षणिक समुदाय के साथ मिलकर संस्थान के अकादमिक इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने और अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर हूं।

प्रो. राय पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति रहे हैं और उनके नेतृत्व में शैक्षणिक कार्यक्रम, अनुसंधान पहल और संस्थागत सा-झेदारियों को मजबूती मिली है। वर्तमान में वे आईआईएम कोलकाता के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं और उच्च शिक्षा प्रशासन में व्यापक अनुभव रखते हैं।

## सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास नए केंद्र शासित प्रदेश को लेकर चल रहे दावे 'फर्जी'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर चल रहे उन दावों को पूरी तरह गलत बताया, जिनमें कहा जा रहा था कि केंद्र सरकार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की योजना बना रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि इस तरह की खबरों का कोई आधार नहीं है और यह सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारी है। भारत सरकार की आधिकारिक फैक्ट-चेकिंग एजेंसी प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने स्पष्ट किया है कि सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने के दावे पूरी तरह फर्जी हैं।




पीआईबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि सरकार सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की योजना बना रही है। यह दावा फर्जी है। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के भीतर ऐसे किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं चल रही है। पीआईबी ने दोहराया कि सोशल मीडिया पर साझा की जा रही जानकारी भ्रामक और अपुष्ट है। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए पीआईबी ने कहा कि ऑनलाइन किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले आधिकारिक स्रोतों से उसकी पुष्टि जरूर करें। दरअसल, सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि केंद्र सरकार सुरक्षा मजबूत करने के लिए सिलिगुड़ी कॉरिडोर के आसपास के जिलों को मिलाकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने पर विचार कर रही है। इन अफवाहों के मुताबिक प्रस्तावित क्षेत्र में बिहार के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिलों के साथ पश्चिम बंगाल के मालदा और उत्तर दिनाजपुर जिलों को शामिल किया जा सकता है। हालांकि, सरकार ने अब स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा कोई आधिकारिक प्रस्ताव मौजूद नहीं है।

## कोलकाता में पहली बार आयोजित होगा 'ओडिशा उत्सव', दिखेगी ओड़िया संस्कृति की झलक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में पहली बार ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'ओडिशा उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 8 मार्च को कोलकाता स्थित नेशनल लाइब्रेरी के ऑडिटोरियम में होगा। उत्सव का उद्घाटन ओडिशा के संस्कृति मंत्री सूर्यबंशी सूरज करेंगे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल में रहने वाले ओड़िया लेखकों और ओड़िया प्रवासी समुदाय के विभिन्न संगठनों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में ओडिशा की लोक कलाओं, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही ओडिशा के पारंपरिक व्यंजन, हैंडलूम और हस्तशिल्प उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। उत्सव में ओडिशा से आए कलाकार विभिन्न पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रमुख रूप से ओडिसी, सही जटा, छऊ, घुमरा, धेमसा, पशुमुखा नृत्य और संबलपुरी नृत्य शामिल हैं। इस उत्सव के संबंध में संस्कृति मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने कहा कि ओडिशा कला और संस्कृति की भूमि है और उत्सव के माध्यम से इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाना एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग पहली बार ओडिशा उत्सव का आयोजन कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह उत्सव ओड़िया प्रवासी समुदाय के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा और लोगों को ओड़िया सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और गौरवशाली विरासत से हमें पुनः जोड़ने में मदद करेगा। साथ ही यह आयोजन ओडिशा की सांस्कृतिक धरोहर के व्यापक प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सीडब्ल्यूबीटीए समारोह में एकता और संस्कृति की झलक, सैकड़ों सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन्स (सीडब्ल्यूबीटीए) के नेतृत्व में आयोजित एक भव्य और यादगार समारोह में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों एवं प्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस आयोजन ने संगठन की एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और हनुमान वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और शुभता का संचार हुआ। सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने समारोह का औपचारिक उद्घाटन करते हुए उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं अतिथियों के स्वागत की जिम्मेदारी प्रदीप लुहारीवाला और




बिनोद संचेती ने अत्यंत कुशलता और पेशेवर ढंग से निभाई, जिससे पूरे आयोजन का संचालन सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण ध्रुव शर्मा और स्वर्णा श्री की मनमोहक संगीत प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने अपनी मधुर गायकी से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की समृद्धि को दर्शाया। साथ ही फूलों की होली (वृंदावन की होली) का जीवंत आयोजन कार्यक्रम में विशेष सांस्कृतिक रंग भर गया, जिसने सभी को पारंपरिक उत्सवों और आपसी भाईचारे की भावना से जोड़ दिया। पी.सी. चंद्रा गार्डन, कोलकाता स्थित द मेडोज बैंक्वेट में आयोजित इस रंगारंग समारोह में 700 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण उल्लास, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर हो उठा।

इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों एवं प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें राजेश पांडे (अतिरिक्त मुख्य सचिव, एमएसएमई एवं टेक्सटाइल), प्रवीण अग्रवाल (कमिश्नर, जीएसटी), मनीष जैन (अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन विभाग), वी.के. भंडारी अपने परिवार सहित, एन.के. कपाड़िया, विवेक ड्रोलिया, अजय गुप्ता, अनिल गारिडिया, गोकुल बिहारी साहा, चंदन राय, तपस दास, एस. के. चोरारिया, रतन गोयल, पी. गोयल, जी.डी. बगाड़ी, आर. के. राठी, प्रदीप खेतान, नरेश जालान, पवन जाजोदिया, राजेश लुहारीवाल, दिनेश जैन गंगवाल तथा सी. के. वरदराजन सहित कोलकाता की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव और उनके प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहे। इस समारोह को और भी विशेष बनाने में उन प्रतिनिधियों का महत्व-पूर्ण योगदान रहा जो विभिन्न जिलों से इस आयोजन में भाग लेने के लिए कोलकाता पहुंचे। उनकी सक्रिय भागीदारी ने संगठन की एकजुटता और आपसी सहयोग की भावना को और मजबूत किया।

कार्यक्रम का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। आयोजकों ने इसे केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सीडब्ल्यूबीटीए परिवार की एकता, समर्पण और सामूहिक शक्ति का प्रतीक एक यादगार मील का पत्थर बताया।

### न्यूज अपडेट

#### अमेजन पर 6 मार्च से शुरू हुई इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर 65% तक की छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने अपने वार्षिक शॉपिंग इवेंट इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग (ईपीएल) की शुरुआत 6 मार्च की आधी रात से कर दी है। यह विशेष सेल 12 मार्च 2026 तक लाइव रहेगी, जिसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, ऑडियो डिवाइस और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स पर 65 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस सेल में सैमसंग, एप्पल, सोनी, शाओमी, वनप्लस, रियलमी और बोट जैसे प्रमुख ब्रांड्स के नवीनतम लॉन्च किए गए उत्पादों पर आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर ग्राहकों को 4,500 रुपये तक का अतिरिक्त इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट भी मिलेगा। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर (कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स) जेबा खान ने कहा कि इस साल का फोकस एआई-संचालित डिवाइस और स्मार्ट टेक्नोलॉजी पर है। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म के एआई टूल्स रूफस, रिव्यू हाइलाइट्स, प्राइस हिस्ट्री, लेंस एआई और स्मार्टचॉइस ग्राहकों को प्रोडक्ट खोजने से लेकर खरीद निर्णय तक बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

#### राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड का 254.98 करोड़ रुपये का मेगा आईपीओ 9 मार्च से खुलेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्टेनलेस स्टील मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तीन दशकों से अधिक अनुभव रखने वाली कंपनी राजपुताना स्टेनलेस लिमिटेड ने अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) की आधिकारिक घोषणा कर दी है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से पूंजी बाजार से लगभग 254.98 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का आईपीओ 9 मार्च 2026 (सोमवार) को निवेश के लिए खुलेगा और 11 मार्च 2026 (बुधवार) को बंद होगा। कंपनी ने प्रति शेयर 116 रुपये से 122 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशक न्यूनतम 110 शेयरों के लॉट और उसके गुणक में आवेदन कर सकेंगे। ऊपरी प्राइस बैंड के आधार पर रिटेल निवेशकों को न्यूनतम लगभग 13,420 रुपये का निवेश करना होगा। आईपीओ के तहत शेयरों का संभावित आवंटन 12 मार्च 2026 को होने की उम्मीद है, जबकि कंपनी के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर संभावित लिस्टिंग 16 मार्च 2026 को हो सकती है। इस सार्वजनिक निर्गम के लिए निर्भय कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड इस इश्यू के रजिस्ट्रार के रूप में कार्य कर रही है। कुल 254.98 करोड़ रुपये के इस पब्लिक इश्यू में 62.50 लाख इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी शामिल है, जिसकी अनुमानित राशि लगभग 76.25 करोड़ रुपये है। कंपनी का यह मेनबोर्ड आईपीओ निवेशकों के लिए स्टेनलेस स्टील मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

#### अब एक ऐप में रेल सेवाएं: रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाने में जुटा पूर्व रेलवे




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों के बीच ऑल-इन-वन 'रेलवन' मोबाइल ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए चलाया जा रहा सप्ताह भर का विशेष अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस अभियान के तहत विभिन्न मंडलों और कार्यशालाओं में प्रमुख स्टेशनों तथा अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यात्रियों को ऐप की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के आह्वान पर शुरू इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डिजिटल रेलवे सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत हावड़ा मंडल में हावड़ा, रामपुरहाट, बंडेल जंक्शन और वर्दवान जंक्शन रेलवे स्टेशन में यात्रियों को रेलवन ऐप डाउनलोड करने और इसके उपयोग के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह, सियालदह मंडल के सियालदह, दमदम जंक्शन, सोदपुर, बैरकपुर, नैहाटी जंक्शन और कांचरापाड़ा रेलवे स्टेशन में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मालदह मंडल में मालदह टाउन, साहिबगंज, भागलपुर जंक्शन और जमालपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन तथा आसनसोल मंडल के आसनसोल जंक्शन, दुर्गापुर और जसीडीह जंक्शन रेलवे स्टेशन में भी अभियान चलाया गया। रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग, ट्रेन की लाइव स्थिति, पीएनआर स्थिति की जांच, कोच की स्थिति की जानकारी, खाना ऑर्डर करने और रेल मदद के जरिए सहायता प्राप्त करने जैसी कई सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर पा सकते हैं।

#### गठबंधन के लिए हुमायूं कबीर की पहल जारी, समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ाई

**कोलकाता :** भरतपुर के विधायक और 'आम जनता उन्नयन पार्टी' के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन की कोशिशें जारी रखी हैं। पार्टी की ओर से आंशिक रूप से उम्मीदवारों की घोषणा करने के बावजूद उन्होंने वामपंथी दलों और आईएसएफ को निर्णय के लिए अतिरिक्त समय दिया है। हुमायूं कबीर ने पहले गठबंधन के लिए 10 मार्च तक की समयसीमा तय की थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है। शनिवार को उन्होंने खुद इसकी घोषणा की। शनिवार को आम जनता उन्नयन पार्टी ने मालदा जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। सुजापुर सीट से मोहम्मद नसीमुल हक, रतुआ से रॉयल इस्लाम, मालतिपुर से अबू मिन्नात शेख और मानिकचक से सईदुर रहमान को उम्मीदवार बनाया गया है। हुमायूं कबीर ने बताया कि उनकी पार्टी कुछ छोटे दलों के साथ मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में कुल 182 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इससे पहले पहले चरण में पार्टी ने नौ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे, जबकि शनिवार को दूसरे चरण में चार और उम्मीदवारों की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि आईएसएफ और सीपीएम के साथ संभावित गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है और उनके फैसले का इंतजार किया जा रहा है। यदि 15 मार्च तक गठबंधन पर सहमति नहीं बनती है, तो आम जनता उन्नयन पार्टी अपने दम पर सभी 182 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।

#### 'विकसितो' सिउरी स्टेशन को मिला अमृत भारत योजना के तहत नया स्वरूप




**कोलकाता, समाज्ञा :** सिउरी रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरी तरह विकसित हो गया है। पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन में स्थित यह स्टेशन बीरभूम जिले के जिला मुख्यालय सिउरी को सेवाएं प्रदान करता है और क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण कृषि व्यापार तथा प्रशासनिक केंद्र है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित सिउरी स्टेशन में नया आकर्षक फैसाड, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह, पार्किंग और सर्कुलेशन एरिया, नई साइनज, ट्रेन/कोच इंडिकेशन बोर्ड, लिफ्ट और स्थानीय कला को बढ़ावा देने वाले म्यूरल एवं पेंटिंग्स लगाए गए हैं। इन सुधारों से स्टेशन की कार्यक्षमता बढ़ी है, यात्री सुविधाएं बेहतर हुई हैं और क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हुआ है। सिउरी में यातायात और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में लेवल क्रॉसिंग संख्या 22बी/टी के स्थान पर बने 42 करोड़ रुपये लागत के रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया। यह ब्रिज शहर के दोनों हिस्सों को जोड़ता है, ट्रैफिक कम करता है और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुचारू बनाता है। पुनर्विकसित सिउरी स्टेशन अब यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक होने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक, सांस्कृतिक और वाणिज्यिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा और इसे पश्चिम बंगाल के प्रमुख आधुनिक रेलवे हब के रूप में उभरने में मदद करेगा।

# संथाल युवा शिक्षा को अपनाएं, भाषा व परंपराओं को संरक्षित करें : राष्ट्रपति मुर्मू

**❑ राष्ट्रपति ने उत्तर बंगाल में संथालों और आदिवासियों के धीमे विकास पर चिंता जताई**



**सिलीगुड़ी :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को चिंता व्यक्त की कि राज्य के उत्तरी भाग में रहने वाले संथाल और अन्य आदिवासी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद अभी तक विकास से पूरी तरह लाभान्वित नहीं हो पाए हैं। मुर्मू ने सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस क्षेत्र में रहने वाले संथाल और अन्य आदिवासी पूरी तरह से प्रगति कर रहे हैं। विकास के लाभ आप तक उस स्तर पर नहीं पहुंचे हैं, जिस स्तर पर पहुंचने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि यह संथाल समुदाय के लिए गर्व की बात है कि हमारे पूर्वज, तिलका मांझी ने लगभग 240 साल पहले शोषण के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाया था। अपने विद्रोह के लगभग 60 वर्ष बाद, वीर भाई सिदो-कान्हू और चांद-भैरव ने वीर बहनों फूलो-झानो के साथ मिलकर 1855 में संथाल हुल का नेतृत्व किया। मुर्मू ने कहा कि लेकिन मैं जानती हूं कि संथालों ने देश के लिए कितना योगदान दिया है। बाबा तिलका मांझी, सिदो-कान्हू और चांद-भैरव, और ऐसे कई अन्य लोग हैं, जिनके नाम इतिहास में दर्ज नहीं हैं। मुझे लगता है, अगर उनके नाम शामिल किए जाते, तो पूरा इतिहास उनके नामों से भर जाता। लेकिन उनके नाम जानबूझकर शामिल नहीं किए गए। आज भी इतिहास उनके नाम चाहता है। लेकिन आप डर क्यों रहे हैं और पीछे क्यों जा रहे हैं? उन्होंने संथालों के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप उनके वंशज हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि आप संथाल हैं; आपकी रगों में संथालों का खून बह रहा है। संथाल लोग हीनता को पसंद नहीं करते। वे हीनता के खिलाफ लड़ते हैं; वे बहादुर हैं और एक बहादुर समुदाय से संबंध रखते हैं। उन्होंने संथालों से आग्रह किया कि वे अपनी मातृभाषा से जुड़े रहते हुए अन्य भाषाएं भी सीखें।

# तृणमूल ने भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार के दस्तावेजों की जांच में अनियमितताओं का लगाया आरोप

**हलफनामे में संपत्ति, आय और आपराधिक मामलों की जानकारी अधूरी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार राहुल सिन्हा के नामांकन पत्रों की जांच में प्रक्रियागत अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके चुनावी हलफनामे में 'विसंगतियों' को निर्वाचन अधिकारी ने नजरअंदाज कर दिया। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया कि सिन्हा के प्रपत्र-26 हलफनामे में वित्तीय घोषणाओं, संपत्तियों, वाहनों, देनदारियों और निवेशों से संबंधित जानकारी छुपाई गई है, इनमें विसंगतियां हैं और अपूर्ण खुलासे किए गए हैं। तृणमूल के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री अरूप बिस्वास ने शिकायत दायर कराई। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बिश्वजीत (राहुल) सिन्हा के नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कथित विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाया था लेकिन हमारी आपत्तियों को निर्वाचन अधिकारी ने नजरअंदाज कर दिया। तृणमूल ने कहा कि जांच की प्रक्रिया लगभग पूरी हो जाने के बाद छह मार्च को एक संशोधित शपथपत्र पेश किया गया, जिसे न तो पहले सत्यापन के लिए उपलब्ध कराया गया था और न ही सार्वजनिक मंच पर अपलोड किया गया था। पार्टी ने आरोप लगाया कि ऐसा कदम 'जानकारी में पिछले दरवाजे से सुधार करने' के समान है और मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों के ब्योरे का पूर्ण एवं पारदर्शी खुलासा अनिवार्य करने वाले उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की भावना का 'उल्लंघन' करता है। तृणमूल ने पत्र में कहा कि हमने निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया है कि वह इन अनियमितताओं की तुरंत जांच करे, त्रुटिपूर्ण जांच प्रक्रिया को शून्य एवं अमान्य घोषित करे और नामांकन की वैधता पर पुनर्विचार करे। दूसरी तरफ, सिन्हा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि नामांकन दाखिल करने के दौरान जमा किए गए सभी कागजात और दस्तावेज 'सही' हैं। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि तृणमूल झूठे और निराधार बहाने बनाकर मेरी उम्मीदवारी रद्द कराना चाहती थी। ये बहाने निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिए।

# रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मासिक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की ट्रेन संचालन में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के संकल्प को दोहराते हुए शनिवार को सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड, ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधक और सभी डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मासिक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा, संचालन की तत्परता और समग्र सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

अध्यक्ष एवं सीईओ ने बैठक में कहा कि ट्रेन संचालन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जोनल रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें, पटरियों और रेल यानों का नियमित निरीक्षण करें, और सिग्नलिंग सिस्टम की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने सतत जागरूकता, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और सुरक्षा-संबंधी मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों में सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक उपकरणों एवं तंत्रों के उन्नयन और सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी डिवीजनल रेलवे मैनेजरों को निर्देश दिए कि वे पटरियों, सिग्नलिंग सिस्टम, लेवल क्रॉसिंग और पुलों की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करें ताकि ट्रेन संचालन सुरक्षित और सुचारू रहे। पूर्व रेलवे के जोनल मुख्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शीलेंद्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी और अन्य प्रधान विभागीय प्रमुखों ने बैठक में भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टॉलीगंज महिला मंडल ने गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान का किया सफल आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टॉलीगंज महिला मंडल द्वारा गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत एक विशेष एनजीओ मीट एवं पैनल डिस्कशन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका, स्वाभिमान और सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उत्साहपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रेरणा सम्मान से समता बोथरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पत्रलेखा घोष ने अपने संबोधन में समाज के समग्र विकास तथा महिलाओं के सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि मधुमिता दत्ता, चेतु सिंघी, शुक्ला चट्टोपाध्याय, मंजुश्री गुप्ता और पूनम अग्रवाल उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने अपने-अपने संगठनों के वर्तमान कार्यों, सामाजिक समस्याओं और उनके समाधान पर विचार साझा किए। इस दौरान पैनल डिस्कशन पूरे उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में टॉलीगंज महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा कोठारी, मंत्री सरिता भंसाली, पूर्व अध्यक्ष अनीता सिंघी, कोषाध्यक्ष नीतू बैद सहित मंडल की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित और सफल संचालन प्रचार-प्रसार मंत्री मीनाक्षी छाजेड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान को आगे बढ़ाने और समाज में महिलाओं के सम्मान व स्वाभिमान को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रेरणा सम्मान समारोह आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, बेहाला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को गृहलक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के तहत एनजीओ मीट और प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राजमती आंचलिया, कल्पना सुराणा, वीणा पारख और प्रियंका बेगानी द्वारा प्रस्तुत सुंदर लघु नाटक से हुई, जिसमें गृहणी से गृहलक्ष्मी तक के सफर को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल से बंगाल प्रभारी संगीता बाफना की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने एनजीओ मीट के उद्देश्य को समझाया और कार्यक्रम में शामिल 15 एनजीओ के साथ संवाद किया।

एनजीओ मीट में टॉक शो के माध्यम से यह चर्चा की गई कि गृहणी को परिवार, समाज और राष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार सम्मान दिया जा सकता है। इस कार्यक्रम में शामिल प्रमुख एनजीओ थे – जीतो लेडीज विंग्स, इनर व्हील, कोलकाता सोसाइटी फॉर एंपावरमेंट ऑफ डिफरेंटली एबल्ड, लायनेस क्लब, मेंटेंड, लायंस ग्रैंड, लव एनिमल फाउंडेशन, हेल्पिंग हैंड वेलफेयर एसोसिएशन, लायन क्लब ऑफ कोलकाता फेमिना, नवीन कुमार धारीवाल मेमोरियल ट्रस्ट, फ्लो, कोलकाता स्वास्थ्य संकल्प, दक्षिण कोलकाता माहेश्वरी महिला संगठन, समता महिला समिति। इस समारोह में बिंदु नखत को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा भूतोड़िया ने किया। अध्यक्ष महिमा कोठारी और मंत्री विजयलक्ष्मी बैद तथा उनकी पूरी टीम के अथक प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# यूपी/बिहार/राजस्थान

## ओमान तट के पास जहाज पर हुए हमले में बिहार के एक व्यक्ति की मौत: अधिकारी

**पटना:** पश्चिम एशिया के अशांत क्षेत्र में इस सप्ताह की शुरुआत में एक कंटेनर जहाज पर हुए हमले में मारे गए लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जांच जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मारे गये लोगों में से एक संभवत: बिहार का निवासी है। पश्चिम चंपारण के जिला मजिस्ट्रेट तरनजोत सिंह के अनुसार, स्थानीय निवासी कैप्टन आशीष कुमार उस जहाज पर सवार थे, जो एक मार्च को ओमान के तट पर एक अज्ञात रॉकेट की चपेट में आने से आग की लपटों में घिर गया था। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'हमने विस्फोट में लापता हुए चालक दल के दो सदस्यों में से एक कैप्टन आशीष कुमार के परिवार को इस घटनाक्रम की जानकारी दे दी है। मलबे से दो जले हुए शव बरामद किए गए हैं, जिनमें से एक कैप्टन के केबिन में मिला।' उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने व्यथित परिवार के सदस्यों से कंकाल के अवशेषों के डीएनए परीक्षण की रिपोर्ट आने तक इंतजार करने का आग्रह किया है।

## 'आपत्तिजनक' वीडियो प्रसारित करने के आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज

**एटा:** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पुलिस ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'आपत्तिजनक' वीडियो प्रसारित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, एआई तकनीक का दुरुपयोग कर बनाया गया यह आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वीडियो में मारपीट और एक व्यक्ति को पानी में फेंकने जैसे दृश्य भी दिखाए गए थे, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। थानाध्यक्ष संदीप राणा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वीडियो शुक्रवार को एक 'एक्स' हैंडल से पोस्ट किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला यह वीडियो पिलुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुठिया गांव निवासी संजय से जुड़े इंस्टाग्राम आईडी से व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस मामले में उपनिरीक्षक प्रवेश राणा की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने वायरल वीडियो के स्क्रीनशॉट और मूल वीडियो को साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित कर लिया है।

# 'कनेक्टिविटी' बढ़ने पर विकास की संभावनाओं में नयी तेजी आती है : प्रधानमंत्री मोदी

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोटा हवाई अड्डे का शिलान्यास किया**



**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 'कनेक्टिविटी' बढ़ने पर विकास की संभावनाओं में नयी तेजी आती है। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर काम करती हैं तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। मोदी ने कोटा के नए हवाई अड्डे के शिलान्यास समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, जब कनेक्टिविटी बढ़ती है तो विकास की संभावनाओं में भी नयी तेजी आती है। बीते 11 वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में बने नए हवाई अड्डों ने विकास को नयी गति दी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में 70 के करीब हवाई अड्डे ही बने थे, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। इन नए हवाई अड्डों ने हवाई यात्रा को आसान किया है, पर्यटन को बढ़ावा दिया है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, और क्षेत्र के विकास को नयी रफ्तार दी है। मोदी ने कहा,जब राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर काम करती हैं, जब नीयत साफ होती है और संकल्प मजबूत होता है, तब विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। आज राजस्थान में वही हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान की यही मजबूत नींव, विकसित भारत के संकल्प को और ताकत दे रही है। मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है, हम सब मिलकर एक ऐसा राजस्थान बनाने में सफल होंगे, जो समृद्ध भी हो, सशक्त भी हो और अवसरों से भरा हुआ भी हो। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बूंदी जिले के शंभूपुरा में कोटा-बूंदी 'ग्रीनफील्ड' हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि नवंबर 2023 में जब वे कोटा आए थे तो उन्होंने जनता से एक वादा किया था। मोदी ने कहा था कि कोटा का हवाई अड्डा केवल एक सपना बनकर नहीं रहेगा, बल्कि उसे साकार करके दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा,आज मुझे प्रसन्नता है कि वो क्षण आ गया है, जब कोटा हवाई अड्डे के निर्माण का काम शुरू होने जा रहा है। मोदी ने कहा, आज का दिन कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए, एक नयी आशा और नयी उपलब्धि का दिन है। मोदी ने पिछले हफ्ते राजस्थान के अपने दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि अजमेर की पावन धरती से हमने राजस्थान के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया था। उन्होंने कहा, ''उसी कार्यक्रम में राजस्थान के 21 हजार से अधिक नौजवान साथियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए थे। अब अजमेर यात्रा के कुछ ही दिनों बाद, आज मुझे कोटा से जुड़े हुए इस महत्वपूर्ण हवाई अड्डा परियोजना को शुरू करने का अवसर मिल रहा है।'

## लोगों का प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा पद है : वसुंधरा राजे



**जयपुर:** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को कहा कि उनके लिए राज्य के लोगों का प्यार ही सबसे बड़ा पद है। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करेंगे तो पद आपके पास खुद चलकर आएगा। राजे ने युवा शक्ति परिषद राजस्थान द्वारा आयोजित 'सशक्त युवा-सशक्त राष्ट्र' सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'राजस्थानियों का प्यार ही मेरे लिए सबसे बड़ा पद है। राजनीति में सब लोगों को पद चाहिए। काम अच्छा करो, पद आपके पास खुद चलकर आयेगा।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रदेश में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है और युवा इससे दूर रहें तथा इसे रोकने में सरकार का सहयोग करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गूगल कंपनी के भारतीय मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई जैसे युवा श्रेष्ठ उदाहरण हो सकते हैं तो राजस्थान के युवा क्यों नहीं? राजस्थान के युवा विदेशों में जाकर नाम कमा सकते हैं तो यहां रह रहे युवा क्यों नहीं? एक बयान के अनुसार राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवा, भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम करें। युवा एआई और नयी तकनीक क्वांटम कंप्यूटिंग का सदुपयोग करें। इनमें जो आगे होगा, वही दुनिया का नेतृत्व करेगा।

## मऊ से मथुरा के संरक्षण केंद्र लाया गया बीमार हाथी 'वीर'




**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा में संरक्षण केन्द्र में मऊ से एक बीमार हाथी को लाया गया है जिसका नाम 'वीर' रखा गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली गैर-सरकारी संस्था 'वाइल्ड लाइफ एसओएस' द्वारा शुक्रवार को वन विभाग के सहयोग से 26 वर्षीय बीमार नर हाथी को सुरक्षित बचाकर चुरमुरा गांव स्थित 'हाथी संरक्षण केंद्र' पर ले आया गया, जिसका नाम 'वीर' रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार हाथी की हालत बेहद गंभीर है और उसका अगला बायां पैर खराब है तथा वह पैरों की विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त है। गैर-सरकारी संस्था की पशु चिकित्सा सेवाओं के निदेशक डॉ. एस इलैयाराजा ने बताया कि 'वीर' गंभीर रूप से टखने की कमजोरी (एंकिलोसिस), बाएं पैर में असहनीय दर्द और अंगों की गंभीर क्षति से पीड़ित है। ये सभी समस्याएं उससे वर्षों जबरन श्रम और दुर्व्यवहार का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि एलिफेंट हॉस्पिटल कैंपस में वीर को उसकी स्थिति के अनुरूप उपचार मिलेगा, जिसमें जोड़ों की सूजन, दर्द कम करना, घावों की देखभाल, पोषण संवर्धन और दीर्घकालिक सहायता को लक्षित किया जाएगा।

## नीतीश के बेटे निशांत आज जद (यू) में हो सकते हैं शामिल



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो पार्टी नेतृत्व में एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। सूत्रों ने बताया कि निशांत पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की उपस्थिति में जद(यू) में शामिल होंगे। यह घटनाक्रम जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार द्वारा 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दो दिन बाद सामने आया है, जो बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल की समाप्ति है।

## यूपी एसआईआर: दावे-आपत्ति अवधि में नाम जोड़ने के लिए करीब 70 लाख, हटाने के लिए 2.68 लाख प्रपत्र मिले

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत छह जनवरी से छह मार्च के बीच मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए प्रपत्र-6 के माध्यम से 70.69 लाख से अधिक दावे और प्रपत्र-7 के माध्यम से 2.68 लाख आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिनवा ने यहां लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि दो महीने के 'दावे और आपत्ति' अवधि के दौरान प्रपत्र-छह के माध्यम से 70,69,810 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35,72,603 प्रपत्र महिलाओं और 34,96,911 पुरुषों द्वारा प्रस्तुत किए गए। यह दर्शाता है कि महिलाओं के आवेदनों की संख्या पुरुषों से अधिक है। तृतीय लिंग मतदाताओं ने इसके तहत 296 आवेदन प्रस्तुत किये।

## उत्तर प्रदेश बना विश्वास का प्रतीक, यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




**आगरा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज, सरकार और संस्थाएं एक दिशा में सोचकर काम करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि विश्वास ही किसी समाज और राज्य की सबसे बड़ी पूंजी होती है तथा इसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है, इसलिए आज उत्तर प्रदेश देश में विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आगरा में एक निजी अस्पताल के लोकार्पण के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। योगी ने कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है और स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती, सुलभ तथा विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना उसका अधिकार है और प्रत्येक संप्रभु देश की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को यह सुविधा उपलब्ध कराए। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत को वैश्विक स्तर पर नयी पहचान मिली है, देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विरासत और विकास का अद्भुत समन्वय दिखाई दे रहा है तथा राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, नयी रेलवे लाइनों और आधुनिक तकनीक के साथ वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों के माध्यम से लोगों को यात्रा का नया अनुभव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार और समाज मिलकर काम करते हैं तो परिणाम कई गुना बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेश की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार और निजी क्षेत्र दोनों को आगे आना होगा। सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के लिए सरकार नयी नीति ला रही है और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए भी निवेशकों को सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश में केवल एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) था, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में बढ़ाकर छह किया गया और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसकी संख्या 23 तक पहुंच गई है।

## 300 गोशालाओं में बायोगैस का संयंत्र लगाने की योजना

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने अपार संभावनाओं को देखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के एक पूर्व छात्र के सहयोग से 300 गौशालाओं में बायोगैस का संयंत्र लगाने की योजना बनाई है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गौ संरक्षण की सोच को अब आधुनिक तकनीक की शक्ति मिलेगी। उप्र सरकार ने आईआईटी-खड़गपुर के पूर्व छात्र और उनकी टीम के सहयोग से अब उत्तर प्रदेश की 300 से अधिक गोशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इन संयंत्रों के माध्यम से गोबर-गोमूत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जो ग्रामीण रोजगार का बड़ा जरिया बनेंगे। मुख्यमंत्री के विजन को अब नयी पीढ़ी की तकनीक और युवाओं की ऊर्जा का साथ मिलने से उप्र देश का आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित गौ संरक्षण मॉडल वाला राज्य बनने जा रहा है।

# इतिहास रचने के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को





**अहमदाबाद :** प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी। हालांकि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड की चुनौती को हल्के में नहीं लिया जा सकता। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियमों में शामिल नरेन्द्र मोदी स्टेडियम भारत के लिए भावनात्मक रूप से भी खास है। 19 नवंबर 2023 को इसी मैदान पर भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा की नम आंखें और स्टेडियम में बैठे हजारों दर्शकों की खामोशी आज भी क्रिकेट प्रेमियों के जेहन में ताजा है। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर उस दर्द को काफी हद तक कम किया था। अब सूर्यकुमार की कप्तानी में टीम खिताब का बचाव करने के साथ इस ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। सूर्यकुमार के लिए यह मुकाबला व्यक्तिगत रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण है। वह न केवल कप्तान के रूप में अपनी अलग पहचान बनाना चाहेंगे बल्कि 2023 की उस कड़वी याद को भी मिटाना चाहेंगे। भारतीय टीम को पिछले साल नौ मार्च 2025 को चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड पर मिली जीत से भी प्रेरणा मिल सकती है, हालांकि वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। फाइनल मुकाबलों में साहस के साथ किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ उस समय राहत मिली थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारतीय टीम फाइनल में भी न्यूजीलैंड की किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। हालांकि न्यूजीलैंड की टीम किसी भी स्थिति में मुकाबले को पलटने की क्षमता रखती है। फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी किसी भी दिन मैच का रुख बदल सकते हैं, जबकि कप्तान मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स बड़े मुकाबलों का दबाव संभालना जानते हैं। भारत के लिए सबसे बड़ा हथियार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह होंगे, जिन्हें 'अहमदाबाद का सरदार' कहा जाता है। फाइनल में उनके चार ओवर मैच का फैसला कर सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी उनकी सटीक गेंदबाजी ने भारत को बढ़त दिलाई थी। भारतीय टीम संयोजन पर भी नजरें रहेंगी। अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अब तक साधारण रहा है, जबकि वरुण चक्रवर्ती भी अपेक्षा के अनुरूप प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। ऐसे में कुलदीप यादव को मौका मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला रविवार शाम सात बजे से खेला जाएगा और क्रिकेट प्रशंसकों को एक रोमांचक फाइनल की उम्मीद है।

### करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए तैयार हैं : सैंटनर

**अहमदाबाद :** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। वह फाइनल से पहले हर तरह के सवाल का जवाब देने के लिए तैयार थे जिसमें अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष भी शामिल है जिसके कारण मध्य-पूर्व के हवाई क्षेत्र को प्रभावी रूप से बंद कर दिया गया है। सैंटनर से एक सवाल यह भी किया गया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण जब मानव जीवन दांव पर लगे हों तो ऐसे में टी20 विश्व कप फाइनल जीतने का कितना महत्व है। उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''इससे बचना या इसे अनदेखा करना मुश्किल है क्योंकि इससे सभी लोग प्रभावित हो रहे हैं। विश्व कप में शामिल लोग भी इससे प्रभावित हुए हैं।''

### पिता या बड़े भाई जैसा बनने की चाहत नहीं, खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी: सूर्यकुमार

**अहमदाबाद :** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, लेकिन 'अपने तरीके से'। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा, ''वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो मैदान पर उनका व्यक्तित्व बिल्कुल अलग नजर आता है।''

## लक्ष्य सेन कड़े मुकाबले में लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे



**बर्मिंघम :** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पैर में दर्दनाक छाले और मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते हुए शनिवार को यहां कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। अब वह इस बड़े खिताब के लिए भारत का 25 साल का इंतजार खत्म करने से महज एक जीत दूर हैं। यह मैच लक्ष्य के करियर के सबसे अच्छे मुकाबलों में से एक साबित हुआ। उन्होंने एक घंटे 37 मिनट तक चले संघर्ष में 21 साल के लाई पर 21-16, 18-21, 21-15 से जीत हासिल की जिन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। लक्ष्य 2022 चरण में उप विजेता रहे थे जिससे यह उनका दूसरा ऑल इंग्लैंड फाइनल होगा। अल्मोड़ा के 24 साल के खिलाड़ी का सामना अब रविवार को फाइनल में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। वह इसमें जीत से इतिहास रचना चाहेंगे।

## इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज सप्ताहांत में आईसीसी चार्टर विमानों से भारत से रवाना होंगे

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं।

## टी20 विश्व कप फाइनल: अहमदाबाद जाने के लिए हवाई किराए में भारी बढोतरी, विशेष ट्रेन की घोषणा

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद के ज्यादातर रूट का हवाई किराया आसमान छू रहा है जहां रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी शहर का रूख कर रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यात्रा की बढ़ती मांग के कारण भारतीय रेलवे ने अहमदाबाद के लिए विशेष ट्रेन शुरू की हैं। 'गुजरात टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी' के चेयरमैन मनीष शर्मा ने कहा, ''मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और दूसरे शहरों से आने वाली उड़ानों के किराए में काफी बढ़ोतरी हुई है।'' मुंबई-अहमदाबाद का हवाई किराया आमतौर पर लगभग 3,000 रुपये होता है जो अब बढ़कर 15,000 से 17,000 रुपये हो गया है। शर्मा ने कहा कि नयी दिल्ली से अहमदाबाद की उड़ान का किराया अभी लगभग 14,000 रुपये है जबकि बेंगलुरु-अहमदाबाद का किराया भी लगभग 13,000 रुपये हो गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल को देखने के लिए उत्सुक क्रिकेट प्रेमियों की भारी मांग के बीच कीमतों में यह उछाल आया है।

## सदरलैंड के हरफनमौला खेल से हार की कगार पर भारतीय महिला टीम



**पर्थ :** अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड के शानदार शतक और दो विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र महिला दिन-रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत पर मजबूत पकड़ बना ली।सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। यह उनकी पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाते हुए दिन का खेल समाप्त होने तक भारत की दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट झटक लिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है। दिन का खेल खत्म होने तक प्रतिका रावल 43 और स्नेह राणा 14 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थीं।बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने के बाद सदरलैंड ने गेंद से भी कमाल दिखाया। उन्होंने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के महत्वपूर्ण विकेट लिये।ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 96 रन से की थी, लेकिन सदरलैंड ने एलिस पेरी (76) के साथ चौथे विकेट के लिए 128 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इस साझेदारी को दीप्ति शर्मा ने पेरी को पगबाधा आउट कर तोड़ा।सदरलैंड ने इसके बाद बेथ मूनी के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन जोड़े। हालांकि सदरलैंड के आउट होते ही भारत को थोड़ी राहत मिली। उन्होंने दीप्ति की गेंद पर लॉन्ग-ऑन के ऊपर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन हरमनप्रीत ने उनका कैच लपक लिया।इसके बाद अलाना किंग और लूसी हैमिल्टन ने उपयोगी 20-20 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 300 के पार पहुंचाया।भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा जल्दी आउट हो गईं, जबकि हैमिल्टन ने दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष को भी पवेलियन भेज दिया।

## टी20 विश्व कप फाइनल के लिए 3,000 पुलिसकर्मी और 'एंटी-ड्रोन' प्रणाली तैनात होंग

**अहमदाबाद :** पुलिस के अनुसार रविवार को अहमदाबाद में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप फाइनल के दौरान सुरक्षा के लिए 3,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी, करीब 1,000 होमगार्ड और तीन 'एंटी-ड्रोन' प्रणाली तैनात की जाएगी। मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''कल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक ऐतिहासिक टी20 विश्व कप फाइनल होने वाला है। इसके लिए पुलिस ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा इंतजाम के लिए हम 3,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी और करीब 1,000 होमगार्ड तैनात कर रहे हैं।'' मलिक ने कहा कि स्टेडियम के गेट के पास भीड़ या किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए इस बार अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।



### न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर ईपीएस-95 पेंशनभोगी करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

### एसबीआई ने महिला सशक्तिकरण के लिए 50 करोड़ डॉलर के सामाजिक ऋण की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** देश के अग्रणी ऋणदाता एसबीआई ने शनिवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 50 करोड़ डॉलर की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की। बैंक ने एक बयान में कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्त-पोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है और 'लैंगिक अंतर' को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 - 'लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना' में सार्थक योगदान देता है। इस अवसर पर एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा, ''इस महिला दिवस पर हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एक जिम्मेदार संगठन के रूप में हम सतत विकास की आधारशिला के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सामाजिक ऋण बैंक के पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जिसमें महिलाओं के लिए अवसर पैदा करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत को अमेरिका से सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता मिला: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता। रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतरा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली :** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआईआर) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है। संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है।

## ईरान पर हमले के बीच आपूर्ति प्रभावित होने से तेल-तिलहन के दाम में उछाल

**नयी दिल्ली :** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले के बीच होर्मुज बंदरगाह के माध्यम से आपूर्ति प्रभावित होने की संभावनाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें उछाल के साथ बंद हुई। मांग कमजोर बने रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन में स्थिरता देखी गई। बाजार सूत्रों ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ पामोलीन तेल की मांग निरंतर बढ़ रही है। मंडियों में सरसों की आवक बढ़ रही है और वहां स्टॉकिस्ट भी सक्रिय हो रहे हैं। सरकार के पास सरसों का स्टॉक भी कम है, ऐसे में सरकार को सरसों का स्टॉक बनाने का प्रयास करना चाहिये। हरियाणा, राजस्थान और गुजरात की सरकारों ने न्यूनम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की खरीद की घोषणा कर सरसों किसानों को काफी राहत दी है। राज्य सरकारों की ओर से ऐसी घोषणा स्वागतयोग्य कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार को सोयाबीन की बिजाई होने तक सोयाबीन को रोक-रोक कर बेचना चाहिये। गर्मियों में मांग कमजोर रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन - 6,600-6,625 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,975-7,450 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,850 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 13,750 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,325-2,425 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,325-2,470 रुपये प्रति टिन। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 14,800 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,500 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,550 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 12,350 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 13,750 रुपये प्रति क्विंटल।

## टी20 वर्ल्ड कप फाइनल: अहमदाबाद में होटल कमरों के किरायों में 400 प्रतिशत तक का उछाल

**अहमदाबाद :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले अहमदाबाद में होटल के कमरों का किराया 300 से 400 प्रतिशत तक बढ़ गया है। एक उद्योग प्रतिनिधि ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रतिनिधि ने बताया कि रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच के कारण होटल रूम की मांग में भारी वृद्धि हुई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ गुजरात के अध्यक्ष नरेंद्र सोमानी ने बताया कि इस निर्णायक मुकाबले हेतु देश-विदेश से आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के कारण आवास की दरों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो कक्ष 5,000 से 20,000 रुपये में उपलब्ध थे, उनकी दरों में 300 से 400 प्रतिशत का उछाल आया है और अब वे 15,000 से 50,000 रुपये के बीच पहुंच गए हैं। सोमानी ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग मंचों पर भी प्रमुख होटल के किरायों में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंधु भवन रोड स्थित ताज स्काईलाइन में रविवार की रात हेतु एक 'डीलक्स कक्ष' का किराया 2.01 लाख रुपये तक पहुंच गया है और इस पर 36,000 रुपये वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अलग से देय होगा। सामान्यतः इन कक्षों का किराया 9,000 से 15,000 रुपये के मध्य रहता है, जो अब लगभग 20 गुना बढ़ चुका है। सोमानी ने बताया कि इसी तरह, आश्रम रोड स्थित वेलकमहोटल और हयात रीजेंसी जैसे प्रमुख होटलों के किरायों में भी सामान्य दरों के मुकाबले तीन से चार गुना वृद्धि देखी गई है। मैच की रात के लिए ये कमरे 20,000 से 30,000 रुपये के आसपास बुक हो रहे हैं। सोमानी के अनुसार, अहमदाबाद में सभी श्रेणियों के लगभग 10,000 होटल रूम हैं। मैच के कारण रविवार को शहर और आसपास के होटलों में लगभग 80 प्रतिशत कमरे भरे रहने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि होटल के महंगे दामों के कारण कई दर्शक रात में रुकने के बजाय अन्य विकल्प चुन रहे हैं और कुछ लोग तो 25 किलोमीटर दूर गांधीनगर में रुक रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में प्रशंसक उसी दिन मैच देखकर वापस लौटने की योजना बना रहे हैं।

### पश्चिम एशिया संकट: मंत्रालय ने बंदरगाहों से शुल्क माफ करने पर विचार करने को कहा

**मुंबई :** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। इसके साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है। शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर विचार के लिए आने वाले मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा।

## भारत तलाश रहा ऊर्जा के नए विकल्प, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश

**नयी दिल्ली :** भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। सूत्रों ने बताया कि भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है। भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3524 अंक 334 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in